दैनिक नवज्योति

उदयपुर, गुरूवार, 19 दिसंबर 2019 6

झंकार में हुई कई प्रतियोगिताएं

ब्यूरो नवज्योति/उदयपुर। ऐश्वर्या कॉलेज के बीएड कॉलेज के सांस्कृतिक समारोह झंकार और पैगाम में बुधवार को सोलो, ग्रुप डांस और रैंप वॉक प्रतियोगिता हुई। विद्यार्थियों ने राजस्थानी लोकगीतों और फिल्मी गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर समां बांधा। मुख्य अतिथि रोटरी क्लब मीरा की सदस्य महालक्ष्मी गलुंडिया ने विजेताओं के नाम की घोषणा की। प्रतिभागियों को नृत्य कला को बेहतर बनाने के टिप्स दिए। संस्थान की सीएमडी डॉ. सीमा सिंह ने तीनों दिन के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। डॉ. सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति जीवन मूल्यों से परिपूर्ण समृद्ध विरासत है। सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा मे निखार का अवसर प्राप्त होता है।

दैनिक भास्कर, उदयपुर, गुरुवार, 19 दिसंबर, 2019 14

प्रतियोगिताओं के साथ झंकार समारोह

उदयपुर । ऐश्वर्या कॉलेज आफ एजुकेशन संस्थान के बीएड. कॉलेज के सांस्कृतिक समारोह झंकार और पैगाम में बुधवार को सोलो, ग्रुप डांस और रैम्प वाक प्रतियोगिताएं हुइ़। मुख्य अतिथि रोटरी क्लब- मीरा की सदस्य महालक्ष्मी गलूंडिया ने विजेताओं के नाम की घोषणा की, प्रतिभागियों को नृत्य कला को बेहतर बनाने के टिप्स दिए। संस्थान की सीएमडी डॉ. सीमा सिंह ने तीनों दिन के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

3

उदयपुर, मंगलवार 17 दिसंबर, 2019

भास्कर

झंकार कार्यक्रम में छात्रों ने दिखाया उत्साह

उदयपुर | ऐश्वर्या कॉलेज आफ एजुकेशन संस्थान के बीएड कॉलेज में सोमवार को झंकार और पैगाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्घाटन रोटरी क्लब मीरा की अध्यक्षा हर्षा कुमावत ने किया। इसके तहत छात्रों के लिए रंगोली, मेंहदी और नृत्य प्रतियोगिताएं हुईं और इसमें बीएड, डीएलएड के 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को संस्थान की सीएमडी. डा. सीमा सिंह ने पुरस्कृत किया।